खबर संक्षेप

### 12 वीं के छात्र ने की आत्महत्या, एक अन्य छात्र लापता

**हरिभूमि न्यूज सतना।** रामपुर बाघेलान थाना इलाके में रहने बाले कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के कुछ ही समय बाद एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पारूल दुबेदी 18 वर्ष पिता अनंत कुमार दुबेदी निवासी ग्राम त्योंधरा नं 2 भठिया टोला थाना रामपुर बाघेलान के रूप में हुई है। छात्र व्यंकट क्रमांक 2 रीवा में अध्ययनरत था और परीक्षा के बाद अपने गांव में रह रहा था। घटना की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बाघेलान भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्तियार गंज इलाके से एक छात्र लापता हो गया है। उसका नाम निशांत यादव बताया गया है। निशांत के परिजनों ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है वह घर से दस हजार रुपए लेकर निकला है। आखिरी लोकेशन सतना रेलवे स्टेशन दिखी है।

### बैंक से पैसे निकाल कर जा रहीं दो महिलाओं को दिनदहाड़े लूटा

हरिभूमि न्यूज सतना। पंजाब बैंक से 50 हजार रुपए लेकर जा रही दो महिलाओं को चिन्हित कर तीन महिलाओं ने पीछा कर रेलवे कालोनी के पास लूट की घटना को अंजाम दिया और कटनी रोड की तरफ फरार हो गईं। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। आरोपी महिलाओं का सुराग नहीं मिला है। समझा जाता है कि महिलाओं ने रैकी की थी और मौका पाकर लूट लिया। खबर लिखे जाने तक आरोपी महिलाओं का पता नहीं चला था।

### सतना जिले के 6 और मैहर जिले के 4 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय मेरिट में बनाया स्थान

**हरिभूमि न्यूज सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा मंगलवार को हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। घोषित परिणामों के अनुसार हाईस्कूल की परीक्षा में सतना जिले के 2 छात्र और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 4 छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान प्रदेश की मेरिट सूची में बनाया है। इसी प्रकार मैहर जिले में हाईस्कूल परीक्षा में 1 छात्र और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 3 छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय प्रवीण्य सूची में नाम दर्ज कराया है।

### कलेक्टर ने सुनी 68 आवेदकों की समस्यायें

**हरिभूमि न्यूज सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 68 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जन सुनवाई में आये 19 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 19 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अमरपाटन में खुशियां ही खुशियां, हर कोई कर रहा है होनहार छात्रा प्रियल का स्वागत

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में अमरपाटन की प्रियल ने प्रदेश में किया टॉप

**हर्ष पांडे दूसरे स्थान पर रहे, दोनों ने सरकारी स्कूल से की पढ़ाई**

हरिभूमि न्यूज सतना। मंगलवार को जब मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम आया तो मैहर जिले के अमरपाटन में खुशी का माहौल छा गया।यहां की प्रियल द्विवेदी ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रियल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन की छात्रा है। वह साइंस ग्रुप से पढ़ाई कर रही थीं। उनके पिता पुपरीकांछ द्विवेदी माध्यमिक शिक्षक के पद पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या अमरपाटन में पदस्थ है। प्रियल की इस सफलता पर पूरे अमरपाटन में खुशी का माहौल है लोगों ने खुशी में एक जुलूस निकाला इस दौरान हर एक व्यक्ति ने मध्य प्रदेश में टॉप करने वाली फोन हर छात्र प्रियल का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है प्रियल



प्रियल ने अपनी सफलता के लिए रोजाना 8 से 10 घंटे की पढ़ाई की। वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि से अमरपाटन,मैहर और पूरे सतना जिले में खुशी का माहौल है। वहीं,सतना के वेंकट क्रमांक 1 शासकीय स्कूल के छात्र हर्ष पांडे ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। हर्ष के पिता सुनील पांडेय वकील हैं। हर्ष ने स्कूल के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी पढ़ाई की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

### इंजीनियर बनना चाहते हैं हर्ष पाण्डेय



हर्ष का लक्ष्य कंप्यूटर साइंस में बीटेक करके इंजीनियर बनने का है। दोनों मेधावी छात्रों ने सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर यह साबित किया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। हालांकि जिले के समग्र परिणाम की लिस्ट अभी जारी नहीं हुई है। दूसरे स्थान पर सतना की दीपिका सिंह पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान पाने वाली भी एक बेटी ही है। दीपिका सिंह जो सतना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट क्रमांक 1 की छात्रा है।

### डॉक्टर बनना चाहती है दीपिका



बायोलॉजी ग्रुप की दीपिका ने सीमित संसाधनों के बावजूद अथक मेहनत से यह मुकाम पाया है। उनके पिता एमपी ऑनलाइन की दुकान चलाते हैं।मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली दीपिका रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं और डॉक्टर बनने का सपना देखती हैं। दीपिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है।

### इंजीनियर बनना चाहते हैं शिवांश



10 वीं में चौथे स्थान पर पगार कला के शिवांश पांडे दसवीं कक्षा में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिवांश पांडे बिरसिंहपुर के पगार कला गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता किसान हैं और उन्होंने एक निजी स्कूल से पढ़ाई की है। शिवांश का सपना भी इंजीनियर बनने का है। उन्होंने 8 से 10 घंटे की मेहनत और अपने स्कूल के शिक्षकों के सहयोग से यह मुकाम हासिल किया।

### 10 वीं 12वीं के परीक्षा परिणामों में आया सुधार

जिले में इस बार एमपी बोर्ड के 10 वीं एवं 12 वीं के परिणाम में पिछले साल के मुकाबले काफी सुधार हुआ है। मंगलवार को जारी परिणाम में 12 वीं में जहां 73.34 प्रतिशत छात्र छात्राएं पास हुए वहीं 10 वीं में 64.85 फीसदी स्टूडेंट्स सफल हुए। पिछले साल 2024 में 12 वीं का 63.48 प्रतिशत एवं 10 वीं का 55.06 प्रतिशत ही परिणाम आया था। इस साल 43106 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे।

# नौ लाख से ज्यादा रुपए की कफ सिरप की तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज सतना।** अमरपाटन थाना पुलिस ने प्रतिबंधित कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सोमवार को नादन टोला-खरमसेड़ा मार्ग पर ब्रिज के नीचे से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के पास से 9 लाख 50 हजार रुपए का सामान बरामद किया है। पुलिस तस्करी के नेटवर्क की जांच कर रही है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फोर्स कंपनी की कार नंबर एमपी 19 जेडएच 9442 को चेक किया। कार से 720 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों से एक कार और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। कुल बरामद सामान की कीमत 9 लाख 50 हजार रुपए है।गिरफ्तार आरोपियों में रामनगर निवासी प्रतीक सिंह बघेल,प्रतापगढ़ी जुड़मनिया के राजा भइया सिंह परिहार उर्फ लल्ला और इटमा कोठार के अर्जुन प्रताप सिंह बघेल उर्फ लाला शामिल हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट और मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपी जीआरपी के हत्थे चढ़े, सोने के गहने-मोबाइल फोन बरामद

**हरिभूमि न्यूज सतना।** जीआरपी ने ट्रेन में यात्री का मोबाइल और जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी के मुताबिक कि विगत 6 अप्रैल को फरियादी हलीमउदीन पिता नईमउदीन उम्र 50 साल निवासी आनापुर नवाबगंज प्रयागराज उधम का प्रयागराज से शहडोल की यात्रा ट्रेन 18206 नौतनवा एक्स. के कोच एस की बर्थ नं.73 पर यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान रेल्वे स्टेशन सतना आने के आउटर पर अज्ञात बदमाश के द्वारा फरियादी का एक मोबाइल वीवो कंपनी का एवं सोने,चांदी के जेवरात कुल कीमती 80 हजार रुपये का चोरी कर लिया। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 305 (सी) बीएनएस कायम किया गया। इसी प्रकार विगत 5 अप्रैल को मामले का फरियादी संजय गुप्ता पिता काशीराम गुप्ता उम्र 45 साल निवासी प्रतापगढ़ उ.प्र. का ट्रेन नवतनवा एक्स. के कोच एस-1 बर्थ नं. 41 पर प्रतापगढ़ से रायपुर की यात्रा के दौरान रेल्वे स्टेशन के आउटर पर अज्ञात बदमाश द्वारा फरियादी का सामान सोने,चांदी के जेवरात कुल कीमती 74000 रुपये का चोरी कर लिया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्र.195/25 धारा 305 (सी) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त दोनों अपराधों की गंभीरता एक कार्य पद्धति को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर लोकेश माकों के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश राज के द्वारा मुकेश मिश्र,दयाचंद तिवारी,शंकर सहाय प्रआर अनुज चतुर्वेदी,अवधेश मिश्रा,प्रशांत,अमित दुबे,पप्पनीश,अरुण सिंह,बिट्टू यादव यादव,सज्जन सिंह,सुमन कचेर,खुशबू सिंह, सायबर टीम के सागर उपाध्याय,आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सतना व्हो के यादव,भवानी,श्रीराम यादव की टीम गठित कर तलाश पतासाजी की गई। 6 मई लोकेशन के





आधार पर संदेही शेषमणि वर्मा पिता को लाल वर्मा उम 23 साल निवासी कृष्ण नगर सतना को अभिरक्षा में लेकर चोरी गये मोबाइल फोन के संबंध में पूछताछ की जिसने स्वंय के पास होना तथा अपनी ही क्षेत्र के शिवम सोनी पिता रमेश प्रसाद सोनी उम्र 22 साल निवासी टिकुरिया टोला सतना से लेना बताया। शिवम सोनी की तलाश की गई जो टिकुरिया टोला में मिला,जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जिसने दोनो अपराध करना स्वीकार किया। चोरी गया मशरुका सोने के जेवरात कुल कीमती 2,85,000 रुपये का माल जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

# भगवान राम का जन्म दुष्टों के दमन एवं धर्म की स्थापना के लिए हुआः आदर्श कृष्ण शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज मैहर।** परमपिता,शारदा माता,कुल देवताओं की कृपा से नवदिवसीय श्री राम कथा का आयोजन वरिष्ठ समाज सेवी पंडित कामता प्रसाद मिश्र के निवास ग्राम पिपरा कला मैहर में आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री के मुखार बिन्द से भक्त जन रसपान कर रहे हैं। कथा के तृतीय दिवस राम जन्मोत्सव के अवसर पर आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्री राम जी का जन्म दुष्टों के नाश एवं धर्म की रक्षा के लिए हुआ था। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज से भी पंडित रामनिवास उरमलिया,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आर के सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह,रावेंद्र सिंह एडवोकेट,दिलीप त्रिपाठी,सूर्य प्रकाश चौरसिया,डॉ शिवशरण शास्त्री,नरेंद्र गंगेले,श्याम बिहारी वाजपेई,अखिल मिश्रा,सुरेंद्र तिवारी,अशोक तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार पी यल द्विवेदी,राम प्रकाश गुप्ता,शिवम मिश्रा,अश्विनी कुमार मिश्रा,अभिषेक तिवारी,कौशल प्रसाद,विश्व गोकरण प्यासी,सुशील पयासी,प्रेमलाल पयासी,सुषमा अर्जरिया,लक्ष्मीकांत,प्रेमलाल पयासी,साधु लाल कुशवाहा आदि सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।





### छोटे भाई की कुल्हाड़ी से काटी गर्दन

**हरिभूमि न्यूज सतना।** रामनगर विकास खण्ड क्षेत्र के देवरी कला गांव में बड़े भाई शांता प्रसाद लोनी ने छोटे भाई बलराम लोनी की धारदार हथियार कुल्हाड़ी से दोपहर के वक्त सोते समय वार कर गर्दन को धड से अलग कर दिया। घटना रविवार दोपहर की है। मृतक की पत्नी जब कुछ देर पश्चात घर लौटी तो पति को खून से लथपथ शव को देखा तो चीख पुकार हड़कंप मच गया। परिवार जनों के एकत्रित सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने आरोपी को चौबिस घंटे के अंदर मैहर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### उन्नव तरु जैन ने बारहवीं में जे.पी. विद्यापीठ महादेवा सतना में किया टॉप



**हरिभूमि न्यूज सतना।** उन्नव तरु जैन ने बारहवीं में जे.पी.विद्यापीठ महादेवा सतना में टॉप किया है। तरु जैन डॉ.सुधीर जैन,डीन विधि संकाय,एकेएस यूनिवर्सिटी एवं ज्योति जैन,जिला अभियोजन अधिकारी सतना के सुपुत्र हैं। उन्नव तरु जैन ने बारहवीं में जे.पी. विद्यापीठ,महादेवा सतना में टॉप किया है। उन्होंने 92% अंक हासिल करते हुए स्कूल एवं माता पिता को गौरवान्वित किया है। उन्नव तरु की इस उपलब्धि पर डॉ. श्रवण तिवारी सहित स्कूल प्रबंधन ने उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। तरु ने सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को अपनी सफलता का श्रेय दिया साथ ही माता पिता और बड़े भाई अनिमेष मेरु का गाइडेंस भी उन्हें निरंतर मिलता रहा। इनका लक्ष्य डॉ.बनकर मानव सेवा करना है।

### कलेक्टर ने किया कृषि उपज मंडी और गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सतना।** मंगलवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस नागौद के ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे। कलेक्टर ने कृषि उपज मण्डी और गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से रूबरू चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नागौद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जलद त्रिमूर्ति महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने भवन के कक्षों,लाइब्रेरी,प्रयोगशाला और खेल मैदान का अवलोकन भी किया। महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं और उनके पठन-पाठन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस अवसर पर कलेक्टर ने जलद त्रिमूर्ति महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति द्वारा किये गये विकास कार्य और विकास की आगामी कार्य योजना के संबंध में प्राचार्य से जानकारी ली।

### विद्यार्थियों ने मारी बाजी





**हरिभूमि न्यूज मैहर।** नेहरू सेंचुरी विद्यालय मैहर के कक्षा 12 वीं के छात्र अनुज कुशवाहा पिता कौशल प्रसाद कुशवाहा कक्षा 12 में 475 अंक लाकर 95 प्रतिशत एवं कक्षा 10 की छात्रा अंकिता कुशवाहा पिता तीरथ कुशवाहा 481 अंक लाकर 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। अनुज एवं अंकिता की इस सफलता पर विद्यालय के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तनय मिश्र सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने बधाई प्रेषित की है। उक्त दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों,व माता-पिता को दिया है।

### दूसरे स्थान पर गुरुकुल के छात्र ओम



गुरुकुल अकादमी मैहर के कक्षा 10 के छात्र ओम अग्रवाल ने 488 अंक लाकर 97.6 प्रतिशत अंक के साथ मैहर जिले में दूसरा स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया है। ओम की इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर संजय गुप्ता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने बधाई प्रेसित की है। आपको बता देवे की इस वर्ष कक्षा 10वीं में गुरुकुल अकादमी विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा 17 छात्र/छात्राओं नें 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। ओम ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों,दादा-दादी एवं माता-पिता को दिया है। ज्ञात हो कि ओम अग्रवाल नगर के पत्रकार अखिलेश अग्रवाल के पुत्र हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आए 7 आवेदन



**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 07 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**पन्ना।** पन्ना जिले की सभी शासकीय आईटीआई में नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश के इच्छुकजन कौशल विकास विभाग की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। संस्था और व्यवसाय के लिए च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि आगामी 31 मई तक निर्धारित है।

### कक्षा 12 वीं की प्रदेश मेरिट सूची में उमरिया के रंजीत ने किया चौथा स्थान हासिल



**पवई।** मध्य प्रदेश माध्यमिक मंडल भोपाल के द्वारा मंगलवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए,जिसमें पन्ना जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश में इस बार 15 साल के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हासिल किया, जहां कक्षा 10 वीं में 76.10 प्रतिशत, तो वही कक्षा 12 वीं में 79.97 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। ऐसे ही पवई के ग्राम उमरिया का रहने वाले एक सामान्य किसान के बेटे रंजीत पटेल जो पन्ना में किराए का मकान लेकर वहां रहकर सी एम राइस मॉडल विद्यालय में अध्ययन करके कक्षा 12 वीं में कला संकाय से प्रदेश की प्रवीण्य मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल किया है । इनके पिता राम सखा पटेल एक सामान्य किसान है और माता राजकुमारी ग्रहणी है,साथ में उनकी छोटी बहन कक्षा 11 में अध्यनरत है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए तो परीक्षा परिणाम देखकर परिवार में हर्ष और खुशी का माहौल व्याप्त है। लगातार मित्रों के द्वारा और परिचित लोगों के द्वारा उन्हें बधाइयां प्रेषित कर की जा रही है। जब हमारे संवाददाता राकेश पाठक ने उनसे बात की तो उन्होंने अपनी दर्द भरी कहानी बयां करते हुए बताया कि किस तरह से उनके पिता उनकी पढ़ाई लिखाई के लिए दिन भर खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं तब जाकर कहीं उनके अध्यापन अध्ययन अध्यापन के लिए संसाधन जुटा पाते हैं । उन्होंने बताया कि वह पन्ना में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई की है,वह लगभग दिन के 6 घंटे पढ़ाई करते थे, उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह सिविल सेवा की परीक्षा देकर एक अधिकारी बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। इसके अलावा चंचल विश्वकर्मा ने कक्षा 12 वीं कला संकाय में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवें स्थान पर और प्रकाश कुशवाहा ने दसवें स्थान पर अपनी जगह बनाई है।

### फर्जी वेबसाइटों से बचने की सलाह

**पन्ना।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जनसामान्य को फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बचाव की सलाह दी गई है। बताया गया है कि प्रमाण पत्र बनाने का दावा करने वाली फर्जी वेबसाइटों की जानकारी आमजनों को न होने से दिक्कतों का सामना करने के साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित होना पड़ रहा है। इस संबंध में जानकारी दी गई है।

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## हायर सेकेण्ड्री में कुल नियमित विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 79.97 प्रतिशत वहीं हाई स्कूल में नियमित विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 76.10 प्रतिशत

**कक्षा 12वीं में तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश के प्रवीण सूची में बनाई जगह रेंक की हासिल**

**हाई स्कूल परीक्षा 10वीं में पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश प्रवीण सूची में रेंक हासिल कर बढाया जिले का गौरव**



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम जो घोषित किये गये जिसमें प्रदेश की प्रवीण सूची में जिन्हें रेंक हासिल हुई निश्चित ही उनकी सफलता विद्यालय व माता पिता तथा जिले का गौरव बढाने को लेकर सामने आया है।

**पन्ना।**

प्रतिभा स्वयं ही अपना स्थान बनाती है जो आज प्रवीण सूची में प्रदेश में जिन्होंने अपनी रेंक परीक्षा परिणाम में हासिल करके अपनी प्रतिभा जो साबित की है वह आज जिले को गौरान्वित कर रही है। पन्ना जिले के विद्यार्थियों ने न केवल इतिहास को पीछे छोड़ा, बल्कि नए अध्याय रचते हुए खुद को शैक्षणिक शिखर पर स्थापित कर दिया। कक्षा 12वीं में पन्ना जिले का सफलता प्रतिशत 79.97ः तक पहुँच गया। बीते वर्ष के 63.09ः से यह सफलता बताती है कि शिक्षा के क्षेत्र में सतत आगे बढने का गौरव साबित किया। वहीं कक्षा 10वीं में भी जिले ने 76.10ः परिणाम के साथ बीते वर्ष के 59.40ः था जो आज परीक्षा परिणाम सामने आये है जिसमें सफलता जो स्वयं ही साबित हुई है वह जिले को गौरान्वित करने को लेकर मानी जा रही है।

### प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पन्ना के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया

रंजीत कुमार पटेल (ब.ड. राइज, पन्ना) - कला संकाय में प्रदेश 'चौथा स्थान
चंचल विश्वकर्मा (ब.ड. राइज, अजयगढ़) - नवां स्थान
प्रकाश कुशवाहा (ब.ड. राइज, पन्ना) - दसवां स्थान'
हाईस्कूल की मेरिट सूची भी पन्ना के विद्यार्थियों ने की रेंक हासिल जिले का बढाया गौरव -
प्रिया पटेल (सरस्वती उ.मा.वि., देवेंद्रनगर) - सातवां स्थान
ओशी जैन (रेनेबो पब्लिक स्कूल, देवेंद्रनगर) - नवां स्थान
महेन्द्र यादव (सी.एम. राइज, अजयगढ़) - नवां स्थान
सौरभ कुशवाहा (बी.पी. मेमोरियल, शाहनगर) - दसवां स्थान'
राज सिंह राजपूत (सरस्वती ज्ञान मंदिर, गुनौर) - दसवां स्थान

जिले में शिक्षा जगत में बोर्ड परीक्षाओं में हायर सेकेण्ड्री एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम को लेकर जहां सबकी नजर टिकी हुई थी परीक्षा परिणाम आने के बाद यह साबित हो गया कि जिले में जिला कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों एवं प्राचार्यों तथा शिक्षकगणों की मेहनत आज सुधार की दिशा में शिक्षा के क्षेत्र में सामने आई है। निश्चिततौर पर परीक्षा परिणाम से ही जहां आधार जो जुड़ा होता है वह परिणामों से ही साबित होता है। जो हायर सकेण्ड्री एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम आने के बाद यह साबित हो चुका शिक्षा के क्षेत्र में जो प्रयास आरंभ से किये गये वह परिणाम के रूप में सफलता विद्यार्थियों की सफलता से ही जिले का गौरव प्रदेश स्तर तक जाना गया वहीं समूचे जिले में परीक्षा परिणाम को लेकर सुधार की दिशा को लेकर माना जा रहा है।

### बीपी मेमोरियल विद्यालय के छात्र सौरभ कुशवाहा ने बढ़ाया शाहनगर का मान, प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास



**पन्ना।** शाहनगर से एक गर्व की खबर सामने आई है। बी पी मेमोरियल विद्यालय के छात्र सौरभ कुशवाहा पिता रामसुख खुशवाहा ने प्रदेश स्तरीय परीक्षा में दसवां स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे शाहनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सौरभ की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और परिजन बेहद गर्वित हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सौरभ शुरू से ही एक मेहनती और अनुशासित छात्र रहा है, और उसकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि अगर मन में दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी सौरभ को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल सौरभ की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि शाहनगर क्षेत्र के लिए भी एक गौरव का क्षण है। सभी क्षेत्र वाशियो ने बधाईया प्रेसित की हैं। तथा सभी ने उज्जवल भविष्य की बधाईया प्रेसित की हैं।

# पन्ना पुलिस द्वारा शाहनगर थाना क्षेत्र मे अवैध शराब का भण्डारण करने वाले व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार



### आरोपी के कब्जे से 63 लीटर अवैध देशी शराब कीमत करीब 31 हजार 500 रुपये की गई जप्त

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो एवं अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन मे विशेष अभियान चलाकर शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरुप दिनांक 06/05/25 की दरम्यानी रात्रि को थाना प्रभारी शाहनगर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डुगरगबा हार मे एक खेत में रखे भूसा मे एक व्यक्ति भारी मात्रा मे अवैध शराब छुपाकर रखे हुये है। थाना प्रभारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत काराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज यादव के नेतृत्व मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार डुगरगबा हार पहुंची जो मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम डुगरगबा में एक खेत में भूसा के ढेर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम रितिक उर्फ मंजीत व्दिवेदी पिता महेन्द्र दुवेदी निवासी कचौरी का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा खेत में रखे भूसा के ढेर की तलाशी ली गई जहां खाखी रंग के 07 कार्टून(पेटी) छिपाकर रखे थे जिनको खोल के देखने पर उसमे अवैध देशी शराब रखा होना पाया गया। अवैध शऱाब के सम्बंध मे दस्तावेज की पूछताछ किये जाने पर आरोपियो द्वारा कोई भी दस्तोवेज पेश नही किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 144/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से 07 पेटी मे रखी 63 लीटर अवैध देशी शराब कीमती करीब 31 हजार 500 रुपये को जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**नाम पता आरोपी-** रितिक उर्फ मंजीत व्दिवेदी पिता महेन्द्र व्दिवेदी उम्र 24 वर्ष निवासी कचौरी थाना शाहनगर जिला पन्ना।

**सराहनीय योगदान -** थाना प्रभारी शाहनगर उनि. मनोज कुमार यादव, सउनि रंजीत कुजूर, लखनलाल प्यासी, प्र.आर. मनोज त्रिपाठी, धर्मेन्द्र हरदेनिया, आर. रविन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## नंदगांव में आंधी-तूफान में घर में लगी आग, सामान जलकर राख, पीड़ति परिवार का रो-रोकर बुरा हाल



### घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा पीड़ति परिवार को हर संभव मदद कर दिया आश्वासन

**अमानगंज।** पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा के तहसील अमानगंज के ग्राम पंचायत रामपुर के नंदनगांव माजरा में 03-05- 2024 शाम करीब 5 बजे के दरम्यान समूचे क्षेत्र में बहुत ही भयावह आंधी तूफान आया, जिसमे हरिराम यादव का भारी नुकसान हुआ है,संपूर्ण घर गृहस्ती सामान जलकर खाक हो गया, परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है, जैसे ही क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा को समाचार प्राप्त हुआ प्रशासन को तत्परता से पीड़तिों की मदद के लिए कहा है। मुआवजे के लिए बात की है, उन्होंने कहा कि पीड़ति परिवारों के साथ हम कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं। आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में किसानों को काफी नुकसान हुआ है। आग के चलते घर जल जाने से पीड़ति परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

# अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए संचालित हैं कल्याणकारी योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। उक्त दोनों स्वरोजगार योजना के लिए आवेदक को जिले का मूल निवासी होने के साथ ही सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, आधार, राशन एवं पैन कार्ड, समग्र आईडी व एक पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। इसके अलावा संबंधित व्यवसाय का कोटेशन तथा पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर और वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नहीं होना चाहिए। संत रविदास स्वरोजगार योजना के लाभ के लिए न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण तथा 18 से 45 वर्ष आयु होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक के परिवार की वार्षिक आय भी 12 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में आयकरदाता न होने की शर्त के साथ 18 से 55 वर्ष की आयु होना चाहिए। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी आर.के. सतनामी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना में युवाओं को उद्योग विनिर्माण की परियोजना के लिए एक से 50 लाख रूपए तक का ऋण मिल सकेगा, जबकि व्यवसाय व सेवा क्षेत्र की परियोजना के लिए एक से 25 लाख रूपए तक की ऋण राशि सीमा निर्धारित है। इसी तरह डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए व्यवसाय सेवा व उद्योग विनिर्माण क्षेत्र की परियोजना के लिए 10 हजार रूपए से एक लाख रूपए तक की सहायता मिल सकेगी। उक्त दोनों योजनाओं में हितग्राही को बैंक द्वारा वितरित व शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान भी मिलेगा। निर्धारित अवधि के दौरान हितग्राही का ऋण खाता एनपीए बने रहने पर उस अवधि के लिए कोई ब्याज अनुदान स्वीकार्य नहीं होगा। ब्याज अनुदान की राशि प्रतिपूर्ति के रूप में वार्षिक आधार पर प्रदान की जाएगी। इच्छुकजन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले स्वसहायता समूह योजना

म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की बेरोजगार महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले स्वसहायता समूह योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले की मूल निवासी एवं 18 से 55 वर्ष आयु की बेरोजगार महिलाएं इस योजना के लिए पात्र हैं। आवेदिका के पास जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित आधार एवं बीपीएल राशन कार्ड व परिचय पत्र होना आवश्यक है। पूर्व में किसी संस्था का डिफाल्टर होने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। योजना में इस वित्तीय वर्ष में उद्योग, सेवा व व्यवसाय इत्यादि के लिए 2 लाख रूपए प्रति सदस्य तक के ऋण प्रकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें अधिकतम 10 हजार रूपए प्रति सदस्य अनुदान भी निर्धारित है। पात्रताधारी इच्छुक महिलाएं वांछित दस्तावेजों के साथ अंत्यावसायी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगी।

## पीएमश्री विद्यालय अमानगंज में समर कैंप



**अमानगंज।** पीएमश्री विद्यालय अमानगंज में शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान एक समर कैंप का सफल आयोजन किया जा रहा है यह कैंप छात्रों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया समर कैंप में शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट कैरम,चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा क्षेत्रों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया और नई चीजें सीखने का अवसर पाया प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस प्रकार के कैंप विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक रूप से व्यस्त रखते हैं। विद्यालय में समर कैंप 1 में 2025 से प्रारंभ हुआ है ।

## आटा मिल की इकाई स्थापित कर अरूण अग्रवाल बने सफल उद्यमी

# स्वरोजगार से तरक्की की ओर हो रहे अग्रसर





### सफलता की कहानी

**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना युवा उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। पन्ना जिले के अरूण अग्रवाल ने कर सलाहकार के पेशे के साथ ही इस अभिनव योजना का लाभ लेकर जनकपुर में स्वयं की पुश्तैनी भूमि पर 1500 वर्गफिट में आटा मिल की इकाई लगाई और निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर हैं। अरुण ने वर्ष 2021 में योजना के तहत 15 लाख रूपए का ऋण एवं अनुदान प्राप्त कर पन्ना-पहाड़ीखेरा रोड पर माँसी माँ फूड प्रोडक्ट्स के नाम से इकाई स्थापित की और मुनाफा होने पर पुनः बैंक लोन के जरिए व्यवसाय को बढ़ाया। इन्हें पीएमएफएमई योजना में दोबारा 35 लाख रुपए की परियोजना लागत पर 10 लाख रुपए अनुदान मिला। सफल उद्यमी अरूण ने बताया कि थोक में स्थानीय बाजार से गेहूं क्रय कर प्लांट में आटा सहित पंचरतन आटा, दलिया एवं बेसन तैयार होता है। कानपुर एवं इंदौर से खरीदी गई उन्नत मशीन के माध्यम से पैकेजिंग का कार्य करते हैं। इस दौरान निर्धारित मानक अनुसार शुद्धता व हाइजीन का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। किसी प्रकार के प्रिजरवेटिव्स इत्यादि की मिलावट भी नहीं की जाती है। उत्पादों के विक्रय के लिए समय-समय पर बेहतर ब्रांडिंग से धीरे-धीरे इस व्यापार में बढ़ोत्तरी हो रही है। वर्तमान में प्रति दिवस 1.5 टन आटा तैयार होता है। मशीन से गेहूं की साफ सफाई व ग्रेडिंग कर उत्पाद की पैकेजिंग की जाती है। विद्युत संचालित मशीन के माध्यम से आटा तैयार करने की अलग अलग प्रक्रिया में काफी सहूलियत मिलती है। अरूण अग्रवाल उत्पादों के होलसेल एवं फुटकर विक्रय के लिए ऑनलाइन ऑर्डर भी प्राप्त करते हैं। गत चार वर्ष से आटा मिल का सफल संचालन कर रहे अरुण अग्रवाल ने बताया कि प्लांट में अलग-अलग कार्यों के लिए अन्य 6 व्यक्तियों को भी रोजगार से जोड़ा है। गत वर्ष लगभग 4 लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा भी अर्जित किया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के द्वारा इकाई स्थापना से पहले बैंक से ऋण प्रकिया और व्यवसाय के सफल संचालन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन व प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### छतरपुर में पहली बार कला प्रदर्शनी और प्रतिभा खोज

**छतरपुर।** छतरपुर में पहली बार कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जो हर उम्र के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर देगा। गांधी आश्रम में होने वाले इस आयोजन में चित्रकला, क्राफ्ट, फोटोग्राफी, मूर्तिकला, नृत्य, और गायन की प्रतियोगिताएँ होंगी। पंजीकरण 15 मई तक खुले हैं, और समापन पर विजेताओं को सम्मान व पुरस्कार दिए जाएँगे। आयोजकों ने सभी कलाकारों से अपनी कला को मंच पर लाने की अपील की है। इच्छुक कलाकार 98266 38015 पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों का कहना है कि यह मंच स्थानीय कलाकारों, खासकर उन लोगों के लिए है, जिनकी प्रतिभा अब तक छिपी रही है। इस पहल ने शहर में उत्साह पैदा किया है, और कई युवा व बच्चे अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। ८

### नरसिहपुर में अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आज संयुक्त पत्रकार मोर्चा और जागरूक नागरिकों ने मिलकर मुख्यमंत्री के नाम, अपर कलेक्टर नरसिंहपुर को सौपा ज्ञापन। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया कि इस मामले की जांच करवाकर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाये। अगर पत्रकार को लिखने में अधिकारी इस प्रकार की कार्रवाई करेंगे खासकर पुलिस विभाग के तो पत्रकारिता ही कहीं ना कहीं अंतिम रूप में पहुंच जाएगी, क्योंकि पत्रकार माफिया के खिलाफ पुलिस से सुरक्षा मांगता है।

### रेप के आरोप में सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार!

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में एक सीआरपीएफ जवान को सोमवार को शादी के दिन ही पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को उसके खिलाफ सहकर्मी युवती ने रेप का केस दर्ज कराया था। वधू पक्ष जब विवाह स्थल पहुंचा, तो उन्हें दूल्हे की गिरफ्तारी का पता चला। इसके बाद वधू पक्ष ने भी महिला थाने में वर पक्ष के खिलाफ धोखाधड़ी और मानहानि की शिकायत कर दी। दरअसल, लालबर्रा थाना क्षेत्र के बकोड़ा में रहने वाले शुभम राकड़े की सोमवार (5 मई) को प्रशांति लॉन में छिंदवाड़ा की युवती से शादी होने वाली थी। वधू पक्ष छिंदवाड़ा से आया तो उन्हें लॉन में ताला लटका मिला। लड़की के भाई ने बताया कि दोनों पक्षों का साझा कार्यक्रम था। हम लोग सुबह बस से यहां आए। दोपहर 12 बजे प्रशांति मैरिज लॉन पहुंचे तो वहां सामान अस्त-व्यस्त था। लॉन वाले से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि लड़के वालों की तरफ से कार्यक्रम कैंसिल हो गया। फिर हम लालबर्रा थाने गए। वहां पता चला कि लड़का जेल में है। वहां से हमें महिला थाने भेज दिया गया।

**वधू पक्ष बोला- 25-30 लाख रुपए की भरपाई करें:** लड़की के भाई ने बताया कि साल भर पहले रिश्ता तय हुआ था। छिंदवाड़ा में 29 अप्रैल को मांगरमाटी, 3 मई को मंडपाच्छादन और तेल मायन का कार्यक्रम था। हमने वहां 500 से 1000 लोगों को खाना खिलाया। पूरे कार्ड बंट चुके थे। सारे मेहमान आए थे। आज शाम की शादी थी। यहां आने के बाद पता चला कि लड़का किसी लड़की के मैटर में अंदर है। हम यही चाहते हैं कि हमारी जो मानहानि हुई, जो 25 से 30 लाख रुपए खर्च हुए, लड़की की जिंदगी बर्बाद हुई, उसकी भरपाई कराई जाए। एएसपी विजय डाबर ने बताया- आरोपी शुभम राकड़े 235-वीआईपी बटालियन नोएडा में पोस्टेड है। वहीं पर उसका लखनऊ की रहने वाली अपनी सहकर्मी से अफेयर था। लड़की का कहना है कि एक महीने पहले ही उसे लेकर बालाघाट पहुंचा था। यहां कान्हा होटल में रेप किया। लड़की ने बताया कि उसने अपने फैमिली मेंबर से मिलाकर शादी करने की बात कही थी, लेकिन बाद में नहीं मिलाया। दबाव डाला कि मेरी शादी कहीं और जुड़ गई है , तुम मुझसे दूर रहो ।

## 10वीं के 19 और 12वीं के 5 छात्र-छात्राओं ने रोशन किया नाम

# क्रांति के चयन पर छतरपुर में जश्न, हुई आतिशबाजी

### छतरपुर के दो दर्जन बच्चों ने प्रदेश की मैरिट सूची में बनाई जगह

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों में छतरपुर जिले के 24 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। कक्षा 10वीं की मेरिट सूची में 19 और कक्षा 12वीं में 5 छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है।

छतरपुर।

संसाधनों का अभाव प्रतिभा को प्रभावित नहीं कर सका। मजदूर के बेटे रमेश प्रजापति, किसान की बेटी सोनाली कुशवाहा और स्वाती शर्मा जैसे होनहारों ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। छात्र-छात्राओं की सफलता पर कलेक्टर ने बधाई दी, साथ ही कम अंक पाने वालों को और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### 10वीं की प्रादेशिक मेरिट सूची में छतरपुर का दबदबा

कक्षा 10वीं की प्रदेश मेरिट सूची में छतरपुर जिले के 19 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भविष्य प्रजापति और कुमारी गायत्री मिश्रा ने शासकीय उत्कृष्ट स्कूल क्रमांक 1, छतरपुर से 495 अंकों 99त्न के साथ छठवां स्थान हासिल किया। कुमारी अरुषि चौबे एसपीएस उमावि महाराजपुर और उत्कृष्ट स्कूल छतरपुर के रमेश प्रजापति एक समान 494 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे। केयर इंग्लिश स्कूल की कुमारी अरु त्रिपाठी और ज्ञानभारती स्कूल लवकुशनगर की कृतिका चौरसिया, उत्कृष्ट स्कूल की पल मिश्रा और जोया बख्श 493 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहीं। 492 अंकों के साथ नौवें स्थान पर ड्रीमलैंड इंग्लिश स्कूल की जोया खातून, उत्कृष्ट स्कूल की सगुन सोनी, जानवी, श्रेया यादव, और ध्रुव साहू रहे। 491 अंकों के साथ दसवें स्थान पर सरस्वती उमावि नौगांव की आस्था, सरस्वती उमावि बड़ामलहरा के अगम्य शुक्ल, उत्कृष्ट स्कूल की वेदिका चौरसिया, शैलेन्द्र पाल, अंशू शर्मा, और सोनाली कुशवाहा रहीं।

### 12वीं में भी चमके छतरपुर के सितारे

इसी तरह कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में छतरपुर के 5 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। वाणिज्य समूह में कुमारी नंदनी जैन राईबल इंग्लिश स्कूल, बिजावर ने 485 अंकों (97 प्रतिशत) के साथ छठवां और इसी स्कूल की कुमारी अर्पिता गुप्ता ने 483 अंकों (96.6 प्रतिशत) के साथ आठवां स्थान हासिल किया। गणित समूह में शासकीय मॉडल स्कूल नौगांव की कुमारी कृतिका पटैरिया ने 483 अंकों के साथ नौवां और बीएसजीएम स्कूल चन्दला की कुमारी शुभांगनी नामदेव ने 482 अंकों के साथ दसवां स्थान पाया। जीवविज्ञान समूह में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर की कुमारी स्वाती शर्मा 477 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

### मजदूर के बेटे ने रचा इतिहास



कक्षा 10वीं में 494 अंकों के साथ प्रदेश में सातवां स्थान हासिल कर सबको चौंकाने वाले रमेश प्रजापति के पिता पेशे से मजदूर हैं। रमेश ने गाँव से छतरपुर आकर किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई की। उनकी मेहनत और लगन ने साबित कर दिया कि संसाधनों की कमी प्रतिभा को नहीं रोक सकती। रमेश ने कहा कि मेरे माता-पिता की मेहनत और शिक्षकों का मार्गदर्शन मेरी सफलता का आधार है।

### पिता की आँखों में आए खुशी के आँसू



शासकीय उत्कृष्ट स्कूल क्रमांक 1, छतरपुर की छात्रा पल मिश्रा ने कक्षा 10वीं में 493 अंकों (98.6 प्रतिशत) के साथ प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। बेटी की इस उपलब्धि पर उनके पिता भावुक हो उठे। पाल ने कहा, मैंने दिन-रात मेहनत की, और मेरे पिता का विश्वास मेरी ताकत बना। वहीं उनके पिता ने कहा कि बेटी ने हमारा सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है।

### ध्रुव साहू ने बताया सफलता का मंत्र



कक्षा 10वीं में 492 अंकों (98.4 प्रतिशत) के साथ प्रदेश मेरिट में नौवां स्थान पाने वाले ध्रुव साहू ने अपनी सफलता का राज बताया। शासकीय उत्कृष्ट स्कूल क्रमांक 1, छतरपुर के ध्रुव ने कहा कि नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन, और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे यह मुकाम दिलाया। मेरा लक्ष्य इंजीनियर बनना है। ध्रुव की इस उपलब्धि ने उनके परिवार और स्कूल को गौरवान्वित किया।

### किसान की बेटी और मेहनत का फल





किसान की बेटी सोनाली कुशवाहा और अंशू शर्मा ने कक्षा 10वीं में 491 अंकों (98.2 प्रतिशत) के साथ प्रदेश मेरिट में दसवां स्थान हासिल किया है। शासकीय उत्कृष्ट स्कूल क्रमांक 1, छतरपुर की सोनाली ने कहा, मेरे पिता खेतों में मेहनत करते हैं, और उनकी प्रेरणा से मैंने पढ़ाई में मेहनत की। अंशू शर्मा ने भी अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार को दिया।

### स्वाती शर्मा की मेहनत रंग लाई



कक्षा 12वीं (जीवविज्ञान समूह) में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, छतरपुर की स्वाती शर्मा ने 477 अंकों (95.4 प्रतिशत) के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। स्वाती ने बताया, रोजाना नियमित पढ़ाई और शिक्षकों का मार्गदर्शन मेरी सफलता का आधार रहा। मेरा सपना डॉक्टर बनकर समाजसेवा करना है। स्वाती की इस उपलब्धि ने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया।

### कलेक्टर ने दी बधाई, दी प्रेरणा



छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान पाने वाले जिले के सभी अव्वल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चे जिले का गौरव हैं। उनकी मेहनत प्रेरणादायक है। कलेक्टर ने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया, जिनके परिणाम अपेक्षा से कम रहे। उन्होंने कहा, निराश न हों, मेहनत और लगन से आप भी सफलता पा सकते हैं।

### विधायक ने छात्राओं को घर बुलाकर किया सम्मान



बिजावर के राईबल इंग्लिश स्कूल की 12वीं वाणिज्य समूह की छात्राओं नंदनी जैन और अर्पिता गुप्ता ने मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 में क्रमशः 485 अंक (97 प्रतिशत) और 483 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में छठवां और आठवां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने दोनों छात्राओं को अपने निवास पर बुलाकर मिठाई खिलाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने उनकी मेहनत की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी पत्नी रजनी शुक्ला और पुत्र धनंजय शुक्ला भी मौजूद रहे।

## क्रिकेट की दुनिया में छतरपुर की बेटी ने बढ़ाया बुंदेलखंड का मान

छतरपुर।

छतरपुर जिले के घुवारा कस्बे की उभरती क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर क्रांति, जिन्होंने हाल ही में वीमन्स प्रीमियर लीग 2025 में यूपी वॉरियर्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था, को बीसीसीआई ने श्रीलंका दौरे के लिए चुना है। सोमवार रात बीसीसीआई से चयन की सूचना मिलने के बाद क्रांति छतरपुर से भोपाल और फिर मुंबई के रास्ते श्रीलंका के लिए रवाना हो गईं। उनके इस चयन से जिले में खुशी की लहर है। उनके कोच, परिवार और समर्थक उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे घुवारा की रहने वाली क्रांति गौड़ ने 14 साल की उम्र से क्रिकेट के मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना शुरू किया था। क्रिकेट के प्रति उनका जुनून ऐसा था कि वे परीक्षा के दिनों में भी डांट की परवाह किए बिना टेनिस बॉल क्रिकेट खेलती थीं। उनकी प्रतिभा पर सबसे पहले जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया और




सचिव व सागर डिवीजन के कोच राजीव बिलथरे की नजर पड़ी। कोच राजीव बिलथरे ने बताया कि क्रांति शुरुआत से ही तेज और फुर्तीली थी। मैंने उनके पिता से कहा कि वे क्रांति को छतरपुर में मेरे पास छोड़ दें। मैंने वादा किया कि मैं उनकी बेटी को एक अच्छा खिलाड़ी बनाऊँगा। तब उनके पिता ने कहा था कि हम अपनी बेटी आपको सौंप रहे हैं, इसका भविष्य आपको बनाना है। आज क्रांति की मेहनत और प्रतिभा ने उन्हें भारतीय टीम तक पहुँचाया है, जो हम सभी के लिए गौरव का पल है। क्रांति छह भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके परिवार, खासकर बड़े भाई मयंक सिंह, ने सामाजिक रूढ़ियों को नजरअंदाज कर उनका पूरा साथ दिया।

क्रांति ने 2017 में पहली बार लेदर बॉल क्रिकेट खेला और उसी मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। इसके बाद उन्होंने सागर डिवीजन की अंडर-16 टीम की कप्तानी की और 2018-19 में फाइनल तक पहुँचाया। इसी साल डब्ल्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 10 लाख रुपये में खरीदा, जहाँ उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4/25 के शानदार प्रदर्शन सहित 6 मैचों में 5 विकेट लिए। सीनियर वीमन्स वन-डे ट्रॉफी में भी उन्होंने मध्यप्रदेश के लिए 9 मैचों में 15 विकेट लिए, जिसमें फाइनल में बंगाल के खिलाफ 4 विकेट शामिल थे। सोमवार रात बीसीसीआई कार्यालय से फोन आने के बाद क्रांति ने तुरंत श्रीलंका दौरे की तैयारी शुरू की। वे रात को छतरपुर से भोपाल रवाना हुईं, जहाँ से मंगलवार सुबह मुंबई के लिए फ्लाइट ली। मुंबई से वे भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ श्रीलंका के लिए रवाना हुईं, जहाँ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली त्रिकोणीय वन-डे सीरीज में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला होगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन और स्थानीय लोगों ने क्रांति की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

## जिला अस्पताल में गर्मी और गंदगी से मरीज बेहाल, परिजनों ने किया हंगामा



### पंखे बंद, एसी खराब, बाजार से पंखे ला रहे मरीज

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में भीषण गर्मी, बंद पंखे, खराब एसी और गंदगी के कारण मरीजों और उनके परिजनों का हाल बेहाल है। मरीजों के परिजनों को बाजार से पंखे खरीदकर लाने पड़ रहे हैं, जबकि बदबू और गंदगी से नाक में दम हो रहा है। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया, जिसके बाद प्रशासन ने एसी-पंखे चालू करने और सफाई का आश्वासन दिया।
छतरपुर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आलम यह है कि मरीज गर्मी और गंदगी से त्रस्त हैं। अस्पताल के वार्डों में पंखे बंद पड़े हैं, और एसी रूम में भी एयर कंडीशनर खराब हैं। मरीजों के परिजन गंभीर सिंह ने बताया, गर्मी से मरीज तड़प रहे हैं, हमें बाजार से पंखे खरीदकर लाने पड़ रहे हैं। वहीं राकेश मिश्रा ने कहा कि अस्पताल में गंदगी और बदबू से साँस लेना मुश्किल है, सफाई कर्मचारी झाड़ू तक नहीं लगाते। मरीज बबीता सिंह ने शिकायत की, वार्ड में बदबू और गंदगी से हालत खराब है, कोई सुनवाई नहीं होती। परिजनों के हंगामे के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और कुछ पंखे व एसी चालू किए गए। मरीज के परिजन केशव पटैरिया ने बताया, हंगामा करने के बाद ही सफाई का आश्वासन मिला, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।



## आयुष्मान योजना के तहत हुआ महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफल ऑपरेशन

### जिला अस्पताल में है नि:शुल्क इलाज और कीमो की व्यवस्था

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत एक 30 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफल ऑपरेशन कर उनकी जान बचाई है। जिला स्तर पर निःशुल्क इलाज और कीमोथेरेपी मिलने से मजदूरी करने वाले परिवार का लाखों रुपये का खर्च बच गया। महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ है, और परिवार ने डॉ. चौधरी की मानवता और कुशलता की सराहना की है। बताया गया है कि छतरपुर के देरी रोड निवासी कामनी कोरी (30) ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थीं और गंभीर दर्द के साथ स्तन में पस की समस्या से जूझ रही थीं। उनके पति प्रमोद कोरी, जो मजदूरी करते हैं, निजी अस्पताल में दो से तीन लाख रुपये के ऑपरेशन का खर्च वहन नहीं कर सकते थे। कामनी ने जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी से संपर्क किया, जिन्होंने तुरंत ऑपरेशन की जरूरत बताई। डॉ. चौधरी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला अस्पताल में ही कामनी का ब्रेस्ट कैंसर का ऑपरेशन किया और कीमोथेरेपी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। कामनी ने कहा, डॉ. साहब ने मेरी जान बचाई, मैं उनका आभार मानती हूँ। प्रमोद कोरी ने बताया, आयुष्मान योजना और डॉ. चौधरी की मदद से मेरी पत्नी ठीक हो गई। डॉ. चौधरी ने कहा, समय पर ऑपरेशन और कीमो से कामनी स्वस्थ हैं। हमारा प्रयास हर मरीज को बेहतर इलाज देना है। कामनी की आगे की कीमोथेरेपी भी जिला अस्पताल में होगी।

### विश्वकर्मा परिवार ने रैकवार परिवार पर किया हमला, पति-पत्नी घायल

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प

छतरपुर।

राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डहर्रा में बच्चों के विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर विश्वकर्मा परिवार के छह लोगों ने रैकवार परिवार के तीन सदस्यों पर लाठी-डंडों और लोहे की छड़ से जानलेवा हमला कर दिया। घायलों को जिला चिकित्सालय छतरपुर में भर्ती कराया गया है। वहीं राजनगर थाने में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।
डहर्रा निवासी जीवनलाल रैकवार ने बताया कि वह और उनके परिवार के कुछ सदस्य पानी भरने गए थे, तभी लखन विश्वकर्मा, ब्रजगोपाल, सुधा, प्रभा, शिवानी और साक्षी ने उनकी पत्नी सुमित्रा पर घर में घुसकर हमला किया। यह हमला बच्चों के बीच पहले हुए विवाद और पुरानी रंजिश का नतीजा बताया जा रहा है। सुमित्रा



को अकेला पाकर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की छड़ से मारपीट की, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। जैसे ही जीवनलाल और उनके भाई संतोष रैकवार को घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुँचे। वहाँ विश्वकर्मा परिवार ने उन पर भी हमला कर दिया। जीवनलाल का दायाँ हाथ टूट गया, और संतोष को भी चोटें आईं। जीवनलाल ने बताया कि उन्होंने तत्काल 100 डायल पर कॉल किया, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुँची। इसके बाद घायल अवस्था में वे स्वयं अपने परिवार को लेकर राजनगर थाने पहुँचे, जहाँ मारपीट की शिकायत दर्ज की गई। गंभीर रूप से घायल जीवनलाल और सुमित्रा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय छतरपुर रेफर किया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। संतोष का स्थानीय स्तर पर इलाज चल रहा है।

## जिले की सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

### 31 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की समस्त शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव, तेंदूखेड़ा एवं बावई चीचली में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शासकीय आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे 31 मई तक निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 31 मई तक अपना पंजीयन कर सकते हैं। च्वाइस फिलिंग करने वाले उम्मीदवारों को ही सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करवाने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इसके अलावा अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से त्रुटि सुधार तथा च्वाइस फिलिंग भी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। इसके लिए आवेदक को निर्धारित पोर्टल शुल्क का भुगतान करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था- आईटीआई और केन्द्रीय जेल के सामने व न्यू बस स्टेंड के पास स्थित शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

## ग्रीष्मकालीन फसलों को बरगी नहर के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा पानी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भीषण गर्मी के मौसम में गन्ने और मूंग की फसल के लिए बरगी नहर के माध्यम से किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में करेली तहसील कार्यक्षेत्र की समस्त नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न तालाबों में भी पानी दिया जा रहा है, जिससे भू- स्तर में भी सुधार होगा। कार्यपालन यंत्री श्री एसके मालवीय ने बताया कि करेली तहसील के अंतर्गत आने वाली रेनुका वितरण नहर के ग्राम इमलिया, भिंडवार, बरोदिया, बम्होरी, आमगांव, मोहद, करेली, जनरौर एवं नहर के अंतिम छोर ग्राम रांकई तक पानी पहुंचाया गया। इसी प्रकार डुंगरिया वितरण नहर में बघौरा, भिंडवार, खमरिया, चीकसा, कांकरकुईया, बटेसरा, रमखिरिया, मड़ेसुर, मोथेगांव, सिंगौटा, बिलौनी आदि ग्रामों तक पानी पहुंचाया गया।

# रीवा के अंकुर यादव ने एमपी बोर्ड में रचा इतिहास, कला संकाय में प्रदेश में टॉप



**रीवा।** मध्य प्रदेश माध्यांमक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में रीवा के होनहार छात्र अंकुर यादव ने राज्य स्तर पर टॉप कर विंध्य क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंकुर ने शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की है, अंकुर यादव शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के छात्र हैं और मूल रूप से रीवा जिले के चाकघाट क्षेत्र के डीह गांव से ताल्लुक रखते हैं। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ कोष्ठा गांव में रहते हैं। उनके पिता प्रमोद यादव शासकीय शिक्षक हैं और माता उर्मिला यादव गृहिणी हैं। अंकुर के बड़े भाई निखिल यादव पशु चिकित्सक बनने की पढ़ाई कर रहे हैं। बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के अंकुर ने 489 अंक अर्जित करते हुए राज्य भर में कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका कहना है कि यह सफलता केवल स्कूल की पढ़ाई और नियमित सेल्फ स्टडी की बदौलत संभव हुई। वे प्रतिदिन छह घंटे की सघन तैयारी करते थे और पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी रुचि रखते थे। अंकुर का मानना है कि सफलता के लिए दृढ़ निश्चय और निरंतर अभ्यास सबसे जरूरी हैं। उन्होंने कहा, सरकारी स्कूल के छात्रों में भी असीम संभावनाएं होती हैं, जरूरत है तो केवल आत्मविश्वास और समर्पण की। अपनी सफलता का श्रेय अंकुर ने अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों को दिया है।



### बिना ट्यूशन के खुद की पढ़ाई से हासिल किया मुकाम

छात्र अंकुर यादव के पिता प्रमोद यादव ने बताया कि बेटे ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जिसके चलते पूरा परिवार खुद को गौरवन्वित महसूस कर रहा है,अंकुर ने अपना सर्वोत्तम समय पढ़ाई के लिए दिया. साइंस विषय मे अंकुर काफी तेज़ थे मगर उनका रुझान आर्ट के तरफ था, जिसके चलते परिवार ने भी उनका पूरा सहयोग किया, अंकुर को कभी भी ट्यूशन की आवश्यकता नहीं पड़ी बचपन से ही पहली कक्षा से लेकर 12 तक उन्होंने सेल्फ स्टडी की और आज एक नया मुकाम हासिल किया।

### स्कूल के साथ प्रतिदिन 6 घंटे की पढ़ाई करते



### थे टॉपर अंकुर

छात्र अंकुर यादव ने बताया कि कला संकाय मे स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान अर्जित करते हुए 489 अंक प्राप्त किए है,अंकुर ने बाताया की इस रैंक को हासिल करने के उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी स्कूल के आलावा घर पर ही रोजाना 6 घंटे पढ़ाई करते थे,ने बधाई देने वालो को धन्यवाद कहा है उन्होने अपने जूनियर छात्रों को भी एक संदेश दिया है कहा है की वह भी लगातार प्रयासरत रहें साथ ही खेलकूद गतिविधियों रहें क्यूंकि पढ़ाई के साथ ही खेल कूद मे मेरी काफी रूचि थी।



## सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

### 10वीं और 12वीं में टॉपर्स ने रचा इतिहास

**रीवा ।** सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उम्दा अंक प्राप्त कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया। हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) में शीतल शुक्ला ने 97.40% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष उल्लेखनीय है कि शीतल ने गणित और विज्ञान दोनों विषयों में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और योग्यता का लोहा मनवाया। उनके बाद वैभवी ताम्रकार ने 97% और प्रज्ञा सिंह पटेल ने 95.20% अंक प्राप्त किए। अदिति तिवारी, रिया वधवानी और हर्षिता पटेल ने भी 93% से अधिक अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) में ऋतिका सिंह परिहार ने 95% अंकों के साथ टॉप किया। अर्पिता पटेल ने 94.4% और शुभम कुशवाहा ने 94% अंक प्राप्त किए। श्रद्धा मिश्रा, शिवांगी ताम्रकार और दीपक साहू सहित कई विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुजय सिंह एवं समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. सिंह ने कहा, "बच्चों की यह उपलब्धि न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम है, बल्कि यह स्कूल की गुणवत्ता और समर्पण का भी प्रतीक है। प्राचार्या ने भी सभी छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। इस अद्भुत प्रदर्शन के साथ सैवी मदर इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समर्पण के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ई-केवाईसी अपडेशन में लापरवाही पर 6 अधिकारियों को दिया नोटिस

**रीवा ।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र पोर्टल पर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत दर्ज हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ई केवाईसी अपडेशन में लापरवाही बरतने पर 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद त्योंथर अजय पाण्डेय, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव निखिल मिश्रा तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगर निगम रीवा श्रीमती प्रज्ञा तिवारी को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सीएमओ चाकघाट नगर परिषद संजय सिंह, सीएमओ डभौरा नगर परिषद ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा तथा सीएमओ सिरमौर नगर परिषद संतोष कुमार सिंह को भी कारण बताओ नोटिस दिया है।

### मऊगंज के आयुष को हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम मे प्रदेश मे दूसरा स्थान मिला



**मऊगंज।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा परिणाम मे आयुष द्विवेदी ने 500 मे 499 अंक हासिल किए है अमित पब्लिक स्कूल मऊगंज के छात्र आयुष ने प्रदेश मे दूसरा स्थान हासिल किया है।

आयुष के पिता अरुणेन्द्र कुमार द्विवेदी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हाडिया मे अतिथि शिक्षक है एंव माता शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हसलो मे शिक्षिका है आयुष तीन भाई-बहनो मे सबसे छोटे है आयुष की बहन पीएम श्री शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज मे जूलॉजी विषय की पढ़ाई कर रही है दूसरी बहन भी पीएम श्री महाविद्यालय मे सोशियोलॉजी विषय से एमए कर रही है। आयुष पढ़ाई के साथ क्रिकेट खेलने का शौक है।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**उमरियापान।** बका लेकर घूम रहे एक युवक को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि टोला रोड़ में क्यूली तलाब के पास रविवार को बका लेकर आम रास्ते से आने जाने लोगों को गाली गलौज कर डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित उर्फ सतीष पिता धर्मेन्द्र कोरी 24 मझगंवा थाना के खबरा निवासी होना बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से एक धारदार बका जब्त किया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से युवक को जेल भेजा गया।

### ट्रक की टक्कर लगने से महिला की हुई मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत खड़ौला में ट्रक की टक्कर से पैदल घर जा रही महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खड़ौला निवासी वर्षा यादव 30 वर्ष जो कि बीती शाम खड़ौला के बाजार आई हुई थी। महिला बाजार कर घर जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद 108 एबुलेंस की मदद से महिला के शव को जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

# अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजर्स पर दर्ज कराएं एफआईआर

## नगर निगम सभागार में आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को निर्माण, राजस्व, सीएम हेल्पलाइन, स्वच्छता एवं अन्य लंबित मामलों की बैठक ली। आयुक्त ने अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए एफआइआर दर्ज कराने और सार्वजनिक नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि जोनवार इन अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार की जाए और संबंधित थानों में एफआइआर दर्ज कराई जाए। साथ की कंपाउंडिंग की गति को बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही प्रक्रिया पूरी की जाए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरमें जलस्त्रोतों के संरक्षण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई एवं सोकपिट निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हर वार्ड में अधिक से अधिक तैयार कराने के लिए कहा है। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद रहे। स्थापना प्रभारी को नोटिस के निर्देशः बारातघरों में नियम विरुद्ध संचालन को लेकर भी आयुक्त ने कहा, उन्होंने स्वयं रात्रि में भ्रमण कर देखा है कि अधिकांश जगह नियमों का पालन नहीं होता। सप्ताह भर का समय दिया गया है। अब सभी की जांच कर हर दिन के हिसाब से जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाए। मस्टरकर्मियों के नियंत्रण में लापरवाही पर स्थापना प्रभारी को वेतनवृद्धि रोकने का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बिना परमीशन के चल रहे बारातघर बंद करने के निर्देश आयुक्त ने शहर में स्थित विवाह घर जो बिना परमिशन के संचालित किए जा रहे है उन्हें तत्काल बंद कराए जाने एवं संबंधित के ऊपर जुर्माने के साथ ही वैधानिक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन करने पर 10 हजार तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं।

### शहर के सुंदरता को प्रभावित कर रहे अवैध होर्डिंग को हटाने के निर्देश

निगम आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर में बड़ी संख्या में अवैध विज्ञापन प्रदर्शित हो रहे हैं। इससे निगम को राजस्व का नुकखन हो ही रहा है, साथ ही शहर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। अवैध विज्ञापन, वॉल पेंटिंग और अतिक्रमण पर विशेष अभियान चलाने के लिए कहा है। सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

# बेटी के विवाह में छुट्टी पर गये कर्मचारी को किया निलंबित

### विद्युत विभाग में अधिकारियों के तानाशाही से कर्मचारी परेशान

**रीवा।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, पश्चिम संभाग रीवा के कर्मचारियों में इन दिनों विभागीय अधिकारियों की तानाशाही और एकतरफा रवैए को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। अधिकारियों पर आरोप है कि वे फील्ड में दिन-रात मेहनत करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल आदेश देना और जवाबदेही से बचना जानते हैं। हाल ही में सामने आए एक मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरहटा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले दुआरी मुख्यालय में पदस्थ लाइन परिचालक रामदरस शुक्ला को अधिकारियों द्वारा बिना पर्याप्त जांच के निलंबित कर दिया गया, साथ ही वेतन भी रोक दी गई, जिससे विभाग के कर्मचारियों में जबरदस्त नाराजगी है। जानकारी के अनुसार, रामदरस शुक्ला ने अपनी पुत्री के विवाह के कारण 24, 25 व 26 अप्रैल को अवकाश की लिखित सूचना कार्यालय में प्रस्तुत की थी। 27 अप्रैल को उनका साप्ताहिक अवकाश था। इसी दिन क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान आने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, लेकिन अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की और न ही किसी अन्य कर्मचारी की ड्यूटी लगाई ।उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ने पर दोषारोपण करते हुए कार्यपालन अभियंता भूपेश विक्रम सिंह ने रामदरस शुक्ला को निलंबित कर दिया, जबकि वे उस दिन अवकाश पर थे और इसकी पूर्व सूचना विभाग को दी गई थी। कर्मचारियों का कहना है कि यह न केवल अन्याय है बल्कि अधिकारियों की लापरवाही को छुपाने का प्रयास भी है।

कर्मचारियों का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है, कर्मचारियों की शिकायतों को अनसुना कर मनमाने आदेश दिए जाते हैं। ऐसे माहौल में कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है और वे मानसिक दबाव में कार्य करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों की चूक को छिपाने के लिए एक जिम्मेदार और ईमानदार कर्मचारी को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। कर्मचारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि निलंबन आदेश तत्काल वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन की राह अख्तियार की जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आए अधेड़ की मौत

### शहर के सब्जी मण्डी की घटना

रीवा । शहर के माने जाने वाले सब्जी मंडी परिसर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ। बाजार में सब्जी खरीदने आए एक अधेड़ व्यक्ति को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसे अस्पताल पहुंचाने तक का वक्त नहीं मिला। इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद शाहीद मंसूरी उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी अमहिया, रोज की तरह सुबह-सुबह घर से सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी पहुंचे थे। मंडी में हमेशा की तरह भीड़भाड़ थी, लोग खरीदारी में व्यस्त थे। उसी समय एक अज्ञात युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए मंडी के अंदर प्रवेश कर गया। नियंत्रण खोने के कारण उसकी बाइक सीधे मोहम्मद शाहीद से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोहम्मद शाहीद दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संजय गांधी अस्पताल पहुँचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात बाइक सवार की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# जिले में आधे से अधिक किसान खरीदी केन्द्रों रह गए वंचित

## स्लॉट बुकिंग की मारामारी, अंतिम दिन 971 किसानों ने कलेक्ट्रेट में कराया पंजीयन

**रीवा ।** रबी सीजन की सरकारी गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि बीत गई, लेकिन रीवा जिले में हजारों किसान अपनी उपज लेकर मंडियों तक नहीं पहुंच पाए। खरीदी की शुरुआत भले ही समय से कर दी गई थी, लेकिन व्यवस्थाएं इतनी लचर रहीं कि आधे से अधिक पंजीकृत किसान उपज बेचने से वंचित रह गए। खेतों में तैयार अनाज, ट्रैक्टरों में लदी फसलें, लेकिन सरकारी केंद्रों पर न टोकन था, न बारदाना और न ही खरीदी की मियाद बढ़ाने की मंशा। जिले में इस बार कुल 37 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया था। लेकिन 5 मई को जब खरीदी की अंतिम तारीख आई, तब तक महज 16,388 किसान ही अपना गेहूं बेच पाए थे। शेष किसान या तो स्लॉट बुक नहीं कर पाए या खरीदी केंद्रों तक गेहूं नहीं पहुंचा सके। आंकड़े साफ कहते हैं कि लगभग 21 हजार किसान अपनी उपज बेचने के हक से वंचित रह गए हैं। इस खरीदी सीजन में सबसे बड़ी समस्या बारदाने की आपूर्ति रही। कई केंद्रों में लगातार दिनों तक तुलाई नहीं हो सकी क्योंकि पर्याप्त बारदाना नहीं पहुंचा। जिन किसानों ने स्लॉट बुक किया, उन्हें भी आखिरी समय में पता चला कि खरीदी केंद्रों पर टोकन नहीं मिल पाएगा। पोर्टल शाम 6 बजे बंद हो गया और कई किसान रात तक कलेक्ट्रेट और खाद्य विभाग के चक्कर काटते रहे। कई स्थानों पर किसान अपनी फसलें लेकर घंटों तक इंतजार करते रहे, लेकिन अंत में उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। कई किसानों ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया जटिल होने के कारण वे समय पर स्लॉट नहीं बुक कर सके, वहीं जिनके स्लॉट बुक हुए भी, उन्हें खरीदी केंद्रों से समय नहीं मिला। ऑनलाइन केन्द्रों में स्लाट बुकिंग बंद होने के चलते लगातार मांग उठ रही थी। इस बीच सूचना दी गई कि कलेक्ट्रेट में स्थित खाद्य विभाग के कार्यालय में पंजीयन होगा। इसके चलते बड़ी संख्या में किसान पंजीयन कराने के लिए पहुंच गए। संख्या इतना अधिक थी कि बड़ी लाइन लगानी पड़ी। इसी पंजीयन के जरिए किसानों को टोकन प्राप्त करना था। जिले के विभिन्न हिस्सों से कई किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया। सायं छह बजे के बाद पोर्टल बंद हो गया, जिससे निराश होकर किसान लौटे।

### संगठनों ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

खरीदी व्यवस्था में गड़बड़ियों को लेकर किसान संगठनों ने खुलकर आवाज उठाई है। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, भारतीय किसान यूनियन सहित अन्य संगठनों ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा और खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग रखी। संगठन मंत्री रविवत सिंह ने बताया कि संभागायुक्त ने किसानों की समस्याएं गंभीरता से सुनी हैं और भोपाल में शासन से चर्चा का भरोसा दिलाया है। भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष सुक्तमणि त्रिपाठी ने कहा कि रीवा और आसपास के जिलों में गेहूं की बुवाई देर से होती है। ऐसे में फसल देर से पकती है और प्राकृतिक परिस्थितियों को देखते हुए खरीदी अवधि बढ़ाना अनिवार्य था। लेकिन प्रशासन ने जमीनी हालात को अनदेखा कर मनमानी तरीके से अभियान समाप्त कर दिया।

### कटाई अभी भी जारी, फिर भी खरीदी बंद

जिले के कई गांवों में अभी भी फसल की कटाई चल रही है। मौसम की अनिश्चितताओं के चलते गेहूं की कटाई में देरी हुई, लेकिन शासन ने न तो कोई वैकल्पिक योजना बनाई, न ही खरीदी के दिन बढ़ाए। किसानों ने सवाल उठाया है कि जब फसलें अभी भी खेतों में हैं, तब खरीदी की समयसीमा समाप्त करना किस तर्क के तहत न्यायोचित है।

# पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने युवक पर चलाई थी गोली, गिरफ्तार

### विश्वविद्यालय पुलिस ने घटना का किया खुलासा

रीवा। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरंग नगर के पास स्थित विपिन किराना स्टोर के पास 20 अप्रैल की देर रात पर सत्यम तिवारी उर्फ सत्यम मोराई पुत्र धनेश्वर प्रसाद तिवारी 26 वर्ष के ऊपर दो की संख्या में रहे आरोपियों ने पिस्टल से फायर किया था। घायल को घटना के बाद संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने गोली कांड में शामिल आरोपी सहित नाबालिग को पकड़कर पूरी घटना का खुलासा कर दिया है। सत्यम के दोस्त विनय कुमार दीपांकर ने पूरी घटना की शिकायत थाना में दर्ज करवाई थी। सीएसपी शिवाली चर्तुवेदी ने बताया कि पीड़ित और आरोपी के बीच पुराना विवाद था, जिसके चलते आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। घायल सत्यम ने पुलिस को बताया था कि वह अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने पीछे से उस पर गोली चला दी। जिससे गोली पीठ को छूती हुई निकल गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी मोहम्मद मंजर अंसारी उर्फ पियूष पुत्र मो.बली अहमद अंसारी 18 वर्ष निराला नगर पीएम आवास के पास व एक नाबालिग को पकड़ा है। फिलहाल वारदात में प्रयुक्त पिस्टल व बाइक अभी पुलिस को नहीं मिली है, जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है।

### दोनों के खिलाफ पूर्व में आपराधिक प्रकरण है दर्ज

सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि सत्यम मोराई व आरोपी मो. मंजर के बीच पुराना विवाद चल रहा था। बताया गया कि दोनों के खिलाफ पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस पूछतांछ में आरोपियों ने बताया कि पूर्व में सत्यम ने उनके ऊपर गोली चलाई थी, जिसका बदला लेने के लिए उन्होने घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है।

### एक नाबालिग भी गिरफ्तार

पुलिस ने मुख्य आरोपी के नाबालिग साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है । घटना में प्रयुक्त पिस्टल और बाइक आरोपी ने कहीं छिपा दी है जिसको बरामद करने के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया है। जांच में कुछ अन्य आरोपियों की इस घटना में भूमिका सामने आई है जिसकी भी तस्दीक की जा रही है। जांच के बाद उनको भी इस मामले में नामजद किया जायेगा।

# जन सुनवाई में 61 आवेदनों में हुई सुनवाई

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में साप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 61 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सात दिन की समय सीमा में लंबित आवेदनों का निराकरण करके इसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अवगत कराएं। जन सुनवाई में रामप्रकाश निवासी ग्राम मगुरिहाई ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सत्येन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम मढ़ी खुर्द ने उनके पिता अजय विश्वकर्मा सैनिक 119वीं रेजिमेंट के 11 अप्रैल 2025 को शहीद होने पर अनुग्रह राशि तथा अन्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में विश्वजीत पाण्डेय निवासी ग्राम बैसा ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। ओम तिवारी निवासी ग्राम मैदानी जिला रीवा ने उनके पिता स्वर्गीय रामदत्त तिवारी की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने के कारण अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट की स्थापना शाखा प्रभारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में उपचार सहायता, मजदूरी भुगतान, जमीन के सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जन सुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मऊगंज मे जनसुनवाई में पहुंचे 87 आवेदन

### सबसे ज्यादा समस्या राजस्व विभाग मे

**मऊगंज।** कलेक्टर द्वारा आयोजित जनसुनवाई में कुल 87 आवेदन पड़े जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के आवेदन जमा हुए ज्यादातर सीमांकन तरमीम नक्शा खसरा सुधार के मामले सामने आए हैं वहीं पेंशन बंद होना सोसाइटी में रुके भुगतान एमपी आरडीसी का भुगतान आवास योजना में गड़बड़ी और बिजली से संबंधित शिकायतें जनसुनवाई में पहुंची कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई करते हुए सभी को तत्काल निर्देशित किया गया और कहा गया कि जल्द समस्याओं का निराकरण करें

### सभी एसडीएम तहसीलदारों को निर्देश

जनसुनवाई के दौरान सभी एसडीएम और तहसीलदारों को कलेक्टर मऊगंज संजय जैन निर्देशित करते हुए कहा सभी अपने-अपने कार्यालय में दिन सुनिश्चित कर अलग से जनसुनवाई आयोजित करें कई ऐसे मामले आए हैं जिनका आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया किंतु कई वर्षों से उनका पालन नहीं हो सका जिसके चलते शिकायतकर्ता जनसुनवाई का सहारा लेते हैं कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन का जिक्र करते हुए कहा लोक सेवा गारंटी में प्रदत्त योजनाओं का लाभ न मिलने से सीएम हेल्पलाइन करने पर संबंधित अधिकारियों के वेतन काटे जाएंगे समझाते हुए कलेक्टर ने कहा रोजाना हर समय दो चार शिकायतकर्ताओं से बात करें और उनका समाधान करें जिससे सीएम हेल्पलाइन शिकायत की ग्रेडिंग सामान्य स्थिति में पहुंच जाएगी और पीड़ितों को न्याय भी मिलेगा

